संभल में मुरादाबाद मार्ग पर बिजलीघर के सामने आयोजित हुई महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य बलवीर सिंह राजेवाल ने कहा कि देश का किसान बड़ी समस्या में है। करीब एक साल से किसान आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। कृषि पर कारपोरेट का कब्जा हो जाएगा तो गरीब की रोटी अमीर की तिजौरी में जाएगी। युवा पीढ़ी और बच्चों का भविष्य खतरे में हैं। प्रधानमंत्री की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है जिसे किसानों को बंद करना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह पंजाब और हरियाणा में किसान इकट्ठा हुए वैसे ही यूपी में क्यों नहीं हो सकते? 25 सितंबर को भारत बंद का आह्वान है। सरकार को सबक सिखाने के लिए बंद होना चाहिए और इसमें यूपी की बड़ी जिम्मेदारी है। गुरुनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि हरियाणा की तरह यूपी में किसानों को हक के लिए आवाज उठानी होगी। बड़े आंदोलन के तहत टोल बंद करने का शुरु कर दें। नेताओं को काले झंडे दिखाए जाएं। उन्होंने कहा कि हम केवल रोजगार बचाने की गारंटी मांग रहे हैं। काले कृषि कानून से खेती कारपोरेट को जा रही है। किसानों को न्यूनतम भाव नहीं मिल रहा। इसलिए बगावत करनी पड़ेगी। यूपी में नस्लें, फसलें और पीढ़ियां बचाने के लिए बड़े आंदोलन को तैयार होना पड़ेगा। किसान नेता अतुल कुमार अंजान ने काले धन और जन धन खातों में रकम के मुद्दे पर तेवर दिखाए। कहा कि किसानों को बांटने की कोशिश हो रही है। फसल की लागत में पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी दिया जाना चाहिए। यह लड़ाई नया हिन्दुस्तान बनाने की है। इसी महीने भारत बंद होना है। सभी वर्गों से जुड़े किसान बंद को सफल बनाएं। मनोज सहरावत ने कहा कि आज आजादी की दूसरी लड़ाई है। यह व्यवस्था का परिवर्तन है।


संभल में किसान महापंचायत में मंच पर एकजुटता दिखाते किसान नेता।

### एमएसपी खरीद का बने गारंटी कानूनः हरपाल सिंह

**संभल।** भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि देश का किसान नौ महीने से आंदोलन कर रहा है। छह सौ किसान अपनी शहादत दे चुके हैं लेकिन सरकार गंभीर नहीं हो रही। जबकि कारपोरेट घरानों के ऋण माफ कर दिए। 25 सितंबर को भारत बंद का पूर्ण समर्थन देते हुए किसानों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदने का लिखित गारंटी कानून बनाए और कृषि कानून वापस ले वरना आंदोलन पूरे देश में व्यापक रूप लेगा।

### भाकियू नेता बोले, हक के लिए आवाज उठाएं किसान

**संभल।** प्रदीप हुड्डा ने कहा कि किसानों की लड़ाई लंबी है लेकिन किसान इसे लड़ेंगे और जीतेंगे। किसान नेता बूटा सिंह, सतनाम सिंह, वीरेंद्र सिंह हुड्डा, प्रहलाद सिंह, दिलशाद अहमद, रीता, सायमा खान, प्रहलाद सिंह, चौधरी महक सिंह, डूंगर सिंह, कपिल सिरोही, कृष्णपाल राठौर, भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, प्रबल प्रताप सैनी, ऋषभ चौधरी, बाबू असरार अहमद ने भी विचार रखे। इस दौरान मंडल महासचिव संजीव गांधी, जयवीर सिंह यादव, आदि रहे। अध्यक्षता आशिक रजा ने तथा संचालन दीपक चौधरी, ऋषभ चौधरी, कपिल सिरोही ने संयुक्त रूप से किया।

### सायमा खान को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी.

संभल। महापंचायत में सायमा खान ने कहा कि काले कानून से कालाबाजारी और जमाखोरी को छूट मिलेगी। इसीलिए कानून वापस होने चाहिए। उन्होंने इस आंदोलन में महिलाओं को भी बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने सायमा खान को प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने की घोषणा की।

## भाजपा नेता के पासपोर्ट को चुनौती कोर्ट ने किया खारिज

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में कोर्ट में चल रही जिरह के दौरान सपा सांसद आजम खां के अधिवक्ताओं ने केस के वादी एवं भाजपा नेता आकाश सक्सेना के पासपोर्ट पर ही सवालिया निशान लगाते हुए उनका पासपोर्ट तलब करने के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया। कोर्ट ने सपा सांसद के वकीलों की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। जिरह शुक्रवार को भी होगी।

भाजपा नेता आकाश सक्सेना की शिकायत पर सपा सांसद आजम खां के खिलाफ बेटे अब्दुल्ला आजम का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला दो साल पहले दर्ज कराया गया था। इस मामले में कोर्ट में आरोप तय होने के बाद गवाहों की गवाही शुरू हो गई है। मुकदमे के वादी आकाश सक्सेना गुरुवार को कोर्ट में कोर्ट में पेश हुए।

**अब्दुल्ला के फर्जी पासपोर्ट पर आज तय हो सकते हैं आरोपः** आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के फर्जी पासपोर्ट के मामले में आरोप तय करने को लेकर बचाव पक्ष की ओर से दाखिल आपत्ति पर अभियोजन पक्ष की आपत्ति पर बहस पूरी हो गई है। इस मामले में फैसला शुक्रवार को आ सकता है।

## संक्षेप

### अमरोहा में सांड के हमले में किसान की मौत

**हसनपुर।** सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने आवारा सांड को पकड़वाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव गुर्जर वाला महरपुर निवासी वीरपाल सिंह पुत्र रामकुमार का घर गंगा तटबंध के नजदीक है। मंगलवार शाम वह तटबंध के उस पार गाय को बांध रहा था। अचानक कहीं से सांड आ गया। सांड ने वीरपाल को पटक कर जमीन पर दे मारा।

### अध्यापक की पिटाई से बच्चे की मौत

**बलदेव।** थाना बलदेव क्षेत्र के गांव रदोई में ट्यूशन ना आने पर टीचर की पिटाई से एक 12 वर्षीय बालक की मौत होने का आरोप है। आरोप है कि घटना के चार दिन बाद उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।पोस्टमार्टम में बच्चे के सिर में खून के थक्के जमना और शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।परिजनों ने बताया कि रदोई निवासी 12 वर्षीय शिवम ट्यूशन पढ़ने गांव में ही एक अध्यापक के यहां जाता था।

### राज्यसभा सांसद सहित नौ भाजपा नेता पेश

**मेरठ।** न्यायालय सीजेएम मेरठ की अदालत में गुरुवार को राज्यसभा सांसद विजयपाल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष विमल शर्मा समेत योगेश त्यागी, अजीत सिंह, समीर चौहान, जयवीर सिंह राणा, राजीव रतन, सुरेश भड़ाना, सुदेश अहलावत ट्रेन रोके जाने को लेकर दर्ज मुकदमे की वापसी के लिए पेश हुए। कोर्ट ने नौ सितंबर की तारीख लगाई है। आरोपियों के खिलाफ तीन अप्रैल12 को पावलीखास स्टेशन पर ट्रेन रोककर इंजन पर नारेबाजी का आरोप है।

### चेकिंग से बच कर भाग रहे ट्रक ने युवक को रौंदा

**चन्दौसी ( संभल )** ।मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े युवक को रौंद दिया। हादसा बुधवार की रात को ब्लॉक बनियाखेड़ा के निकट उस समय हुआ जब परिवहन विभाग की टीम ट्रक को रोकने के लिए ट्रक का पीछा कर रही थी।

### पुलिस ने 27 कछुओं के साथ दो तस्कर दबोचे

**बिलासपुर ।** गुरुवार की शाम कोतवाली पुलिस ने 27 कछुओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर देर शाम चालान किया है ।प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव चंदेन के पास दो बाइक सवार युवक एक कट्टे में कछुओं तस्करी कर उन्हें बेचने जा रहे हैं।

### बिजनौर में हत्यारिन मां, शामली में दुष्कर्मी पिता को उम्रकैद

**बिजनौर/शामली।** 'पुत्रो कुपुत्रो जायते क्वाचिदापि माता कुमाता न भवति', संस्कृत के इस श्लोक का मतलब है कि पुत्र कपुत्र हो सकता है, पर माता कभी कुमाता नहीं होती, लेकिन इसके उलट बिजनौर के नगीना कोर्ट बेटे की हत्या के मामले में एक मां को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उधर, शामली में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को भी आजीवन कारावास हुआ है। सहायक शासकीय अधिवक्ता मुकुल राठौर ने बताया कि 28 नवंबर 2013 की सुबह अफजलगढ़ के मोहल्ला किला निवासी सत्यवीर सिंह का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला था।

## दो रिश्तेदारों को गोली से उड़ाया


**जसवंतनगर (इटावा)।** पति-पत्नी के झगड़े पर पंचायत करने आए महिला के मामा व बहन के ससुर को गोली से उड़ा दिया गया। मामा की वहीं मौत हो गई जबकि ससुर ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। रेलमंडी जसवंतनगर निवासी पूर्व फौजी रामशंकर (60) की भांजी नेहा यादव की शादी कचौरा रोड के जानकीपुरम मोहल्ले में सर्वेश यादव के बेटे शिवम यादव के साथ हुई है। दोनों में विवाद चल रहा है। इसे सुलझाने के लिए गुरुवार दोपहर एक बजे रामशंकर व नेहा की बड़ी बहन के ससुर कैलाश पहुंचे थे। दोनों घर के बाहर ही थे कि किसी ने सर्वेश की छत से उन फायरिंग शुरू कर दी।

## तालिबान पर बैठक करने वाले विदेशमंत्री पर भी हो केसः बर्क

संभल | संवाददाता

तालिबान को लेकर बयान दिये बयान को लेकर मुकदमा दर्ज किये जाने पर सवाल खड़े करते हुए सपा सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि भारत सरकार के विदेश मंत्री दोहा में तालिबान के साथ बैठक करते हैं तो कुछ नहीं और हम यहां बयान दे दें तो मुकदमा दर्ज होता है। क्या अब उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज होगा। कुछ भी हो लेकिन वह कौम के लिए फांसी पर चढने को भी तैयार हैं।

डा. बर्क ने कहा कि जब हम इस पर बात करें तो हम मुलजिम और देश के गद्दार, लेकिन वह बात करें तो वह अब कौन हुए, इसका जवाब दें। क्या उनसे बात करने वाले उन लोगों के खिलाफ नहीं चलेगा कोई मुकदमा या केवल हमारे खिलाफ चलेगा मुकदमा। वह लोग समझ लें कि मैं अपनी कौम के लिए फांसी पर लटकने के लिए भी तैयार हूं और जेल जाने से भी पीछे नहीं हटूंगा।


डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क।

## खेत में मिला मादा तेंदुए का शव

**अमरोहा।** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सुनपुरा में गुरुवार सुबह बाजरे के खेत में मादा तेंदुए का शव पड़ा मिला। जानकारी पर ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया। क्षेत्र में एक और तेंदुए की मौजूदगी की चर्चाओं के बीच ग्रामीण दहशतजदा हैं। उधर, सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेजा है।गांव सुनपुरा निवासी आदेश शर्मा गुरुवार सुबह खेत पर चारा लेने गए थे। खेत में मादा तेंदुए का शव पड़ा मिला। सूचना ग्रामीणों और वन अफसरों को दी।

## जबरन निकाह के बाद तलाक युवती ने खाया जहर, गंभीर

सैदनगर | संवाददाता

अजीमनगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में शारीरिक शोषण के आरोप में फंसे युवक ने मुकदमे से बचने के लिए जबरन निकाह के चंद दिन बाद ही युवती को तलाक का नोटिस भेज दिया। आरोप है कि पंचायत ने युवक को मुकदमे से बचाने के लिए जबरदस्ती निकाह कराया था। इंसाफ के लिए युवती पुलिस के चक्कर लगाती रही, लेकिन कार्रवाई न होने से परेशान युवती ने बुधवार की देर रात कीटनाशक खा लिया। हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पति समेत दो आरोपियों पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा और खेड़ा टांडा गांव से जुड़ा हुआ है। गांव निवासी युवती ने कुछ दिन पहले गांव के युवक पर प्रेम प्रसंग में शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में शिकायत की थी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

पत्रांक : 1272/ई–निविदा/2021–22 दिनांक :– 24.08.2021

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कार्यो हेतु "ए" सेतु श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| स्वीकृति के प्रत्याशा में | | | | | | |
| 1 | मुरादाबाद | मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग (राज्य मार्ग–43) के किमी0–06 में स्थित गॉगन नदी पर स्थित पुराने सेतु की मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | 35.00 | 0.00 | 854.00 | 3 माह |

- बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.09.2021 से 29.09.2021 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 15.09.2021 को 10:00 बजे से दिनांक 29.09.2021 को 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.09.2021 को 12:00 बजे खोली जायेंगी।
- निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
- शासनादेश संख्या 480/तेईस–7–2021 दिनांक 12.04.2021 एवं प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ का पत्रांक 3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/60एम0टी0/2020 दिनांक 23.04.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार निविदादाता को निविदा प्रपत्र अपलोड करते समय इस आशय का घोशणां पत्र देना होगा कि वह निविदा की वित्तीय बिड खुलने के उपरान्त पूर्व की भॉति धरोहार धनराशि प्रस्तुत करेगा। घोशणां पत्र निविदा के साथ अपलोड न करने की स्थिति में निविदा मान्य नहीं होगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन–एल0सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

सहा0अभि0,

(प्रमोद कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
मो0नं0–9984732969 ई–मेल :– cd1pwdmbd@gmail.com

UP-166936, Dt. 31.08.2021
Website : www.upgov.nic.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

पत्रांक 1271/ई–निविदा/2021–22 दिनांक :– 24.08.2021

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **क्र0सं0–1 से 9 तक के कार्यो हेतु "ए", "बी0" "सी" एवं "डी" मार्ग श्रेणी/क्र0सं0–10 पर अंकित कार्य हेतु रोड साईनेज "ए" श्रेणी एवं क्र0सं0–11 पर अंकित कार्य हेतु "ए", "बी0" "सी" एवं "डी" भवन श्रेणी** के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पैच मरम्मत के कार्य | | | | | | |
| 1 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता–प्रथम के अधीन विभिन्न राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/अन्य जिला मार्ग पर दाग मरम्मत का कार्य। | 10.00 | 0.00 | 766.00 | 9 माह |
| 2 | | सहायक अभियन्ता–द्वितीय के अधीन विभिन्न राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/अन्य जिला मार्ग पर दाग मरम्मत का कार्य। | 10.00 | 0.00 | 766.00 | 9 माह |
| 3 | | सहायक अभियन्ता–प्रथम के अधीन विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 10.00 | 0.00 | 766.00 | 9 माह |
| 4 | | सहायक अभियन्ता–द्वितीय के अधीन विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 10.00 | 0.00 | 766.00 | 9 माह |
| सामान्य मरम्मत से नवीनीकरण के कार्य | | | | | | |
| 5 | मुरादाबाद | एन0एच0–509 से देवरी सम्पर्क मार्ग पर वेस्ट प्लास्टिक पद्धति द्वारा सामान्य मरम्मत से नवीनीकरण का कार्य। | 9.80 | 0.00 | 766.00 | 2 माह |
| 6 | | फतेहपुर खास से अहलादपुर सम्पर्क मार्ग पर वेस्ट प्लास्टिक पद्धति द्वारा सामान्य मरम्मत मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.10 | 0.00 | 766.00 | 2 माह |
| 7 | | एन0एच0–509 से हाथीपुर बहाउद्दीनपुर सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत से नवीनीकरण का कार्य। | 1.75 | 0.00 | 589.00 | 2 माह |
| 8 | | बिलारी डारनी मार्ग से रामपुर पट्टी सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत से नवीनीकरण का कार्य। | 2.00 | 0.00 | 589.00 | 2 माह |
| 9 | | मुरादाबाद मछरिया लालाटीकर रौण्डा झौण्डा चौराहे से मनकरा मूढापाण्डे सम्पर्क मार्ग पर वेस्ट प्लास्टिक पद्धति द्वारा सामान्य मरम्मत से नवीनीकरण का कार्य। | 23.00 | 0.00 | 854.00 | 2 माह |
| मार्ग सुरक्षा के कार्य | | | | | | |
| 10 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद में राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा का का कार्य। | 28.70 | 0.00 | 854.00 | 3 माह |
| भवन कार्य | | | | | | |
| 11 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद के बिलारी तहसील स्थित अधिवक्ता भवन/ग्राम न्यायालय के भवन निर्माण/मरम्मत के कार्य। | 11.00 | 0.00 | 766.00 | 3 माह |

- बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.09.2021 से 29.09.2021 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 15.09.2021 को 10:00 बजे से दिनांक 29.09.2021 को 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.09.2021 को 12:00 बजे खोली जायेंगी।
- निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
- शासनादेश संख्या 480/तेईस–7–2021 दिनांक 12.04.2021 एवं प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ का पत्रांक 3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/60एम0टी0/2020 दिनांक 23.04.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार निविदादाता को निविदा प्रपत्र अपलोड करते समय इस आशय का घोषणां पत्र देना होगा कि वह निविदा की वित्तीय बिड खुलने के उपरान्त पूर्व की भॉति धरोहार धनराशि प्रस्तुत करेगा। घोषणां पत्र निविदा के साथ अपलोड न करने की स्थिति में निविदा मान्य नहीं होगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण **वेबसाइट** http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन–एल0सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

सहा0अभि0,

(प्रमोद कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
मो0नं0–9956093399
ई–मेल :– cd1pwdmbd@gmail.com

UP-166940, Dt. 31.08.2021
Website : www.upgov.nic.in



## जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड

JUBILANT INDUSTRIES

सीआईएन : L24100UP2007PLC032909
पंजीकृत कार्यालयः भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244 223, उत्तर प्रदेश, भारत
ईमेलः investorsjil@jubl.com; वेबसाइटः www.jubilantindustries.com
फोनः +91-5924-267200

**15वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 15वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) पर, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के प्रावधानों एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा निर्गत परिपत्र दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 एवं 13 जनवरी, 2021 ('एमसीए परिपत्रों') तथा सेबी द्वारा निर्गत परिपत्र दिनांकित 12 मई, 2020 एवं 15 जनवरी, 2021 ('सेबी परिपत्रों') के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से, 18 जून, 2021 की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के सम्पादन हेतु आयोजित होना निर्धारित है। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की इच्छा रखने वाले सदस्य एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का अनुगमन कर एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं।

पूर्वोक्त एमसीए एवं सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की आहूत सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट 2 सितम्बर, 2021 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेजी गई हैं जिनका ई–मेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों अथवा रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') के साथ पंजीकृत है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 ('नियम') के नियम 20 एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ('सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 44 के अनुपालन में, कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक तौर पर अपना वोट डालने हेतु सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('ई–वोटिंग') की सुविधा प्रदान कर रही है। तदनुसार, एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के मदों का निष्पादन नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') द्वारा प्रदान किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधाओं के माध्यम से किया जा सकता है।

सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है किः **(क)** रिमोट ई–वोटिंग मंगलवार, 21 सितम्बर, 2021 को प्रातः 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) आरम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 23 सितम्बर, 2021 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी; **(ख)** रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति बृहस्पतिवार, 23 सितम्बर, 2021 को सायं 5:00 बजे के उपरान्त नहीं दी जाएगी; **(ग)** पूर्वोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाले जाने के पश्चात्, सदस्य को तदनन्तर इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी; **(घ)** ई–वोटिंग के उद्देश्य से **कट–ऑफ तिथि** शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 तय की गई है। वोटिंग के अधिकार का आंकलन कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर किया जाएगा; **(ङ)** कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 तक शेयरों को प्रतिरक्षित रखता है, evoting@nsdl.co.in अथवा कम्पनी/ आरटीए को एक अनुरोध भेजकर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह अपना वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति अपना पासवर्ड भूल गया हो, तो वह www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "फॉरगॉट यूजर डिटेल्स/ पासवर्ड" अथवा "फिजिकल यूजर रिसेट पासवर्ड" विकल्प का उपयोग करके अथवा एनएसडीएल को टोल फ़्री नम्बर 18001020990/ 1800224430 पर संपर्क कर अपना पासवर्ड 'रीसेट' कर सकता है; **(च)** एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा भी उन सदस्यों को अपने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग करने हेतु उपलब्ध होगी जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला हो; **(छ)** वे सदस्य जिन्होंने अपना वोट एजीएम के पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल दिया हो, वे भी वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं परन्तु अपना ई–वोट पुनः डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; **(ज)** एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantindustries.com पर, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

**उन शेयरधारकों, जिनका ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है, ई–मेल पता के पंजीकरण की प्रक्रिया नीचे दी गई है:**

क) यदि शेयर भौतिक रूप में प्रतिरक्षित हैं, तो कृपया फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे एवं पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) investorsjil@jubl.com अथवा rta@alankit.com पर ई–मेल द्वारा भेजें।

ख) यदि शेयर डीमैट रूप में प्रतिरक्षित हैं, तो कृपया डीपीआईडी–क्लाइंट आईडी (16–अंकीय डीपीआईडी + क्लाइंट आईडी या 16–अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) investorsjil@jubl.com अथवा rta@alankit.com पर भेजें।

ई–वोटिंग निर्देशों के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़े किसी भी प्रश्न/ शिकायतों के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ़्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस' (FAQs) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा सुश्री सरिता मोटे, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई– 400013, भारत से ई–मेल द्वारा evoting@nsdl.co.in पर अथवा टोल फ़्री नम्बर 1800–222–990 या श्री जे. के. सिंगला, वरिष्ठ प्रबंधक, मेसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055, भारत से rta@alankit.com पर ई–मेल के माध्यम से अथवा टेलीफोन नम्बरः 011–42541234 पर संपर्क कर सकते हैं।

एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट प्रस्तावों पर वोटिंग के परिणाम एजीएम के समापन के 2 दिनों के अन्दर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट सहित, कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के शीघ्र पश्चात् प्रदर्शित किए जाएंगे और परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भी संचारित किए जाएंगे।

कृते **जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**अभिषेक मिश्रा**
**कम्पनी सचिव**

तिथि : 02 सितम्बर, 2021
स्थान : नोएडा



## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद

पत्रांक-म०भो०यो०/5158-62/2021-22 दिनांक-02.09.2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के पत्र दिनांक 10.03.2021 के द्वारा मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के चयन किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करायी गयी थी। आवेदन करने वाली सभी संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक 03.09.2021 को प्रातः 11:00 बजे विकास भवन कांठ रोड में साक्षात्कार में उपस्थित होने का कष्ट करें।

(बुद्धप्रिय सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मुरादाबाद



## कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, अमरोहा

पत्रांक : 109/3/स्टाम्प लिपिक/अ०जि०मजि०अ०/2021 दिनांक-26.08.2021

**इश्तहार/सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि JAGJEET KAUR W/o SERAN ARDRA born 15 August 1956 of Unit 25, 50 Bourke Melbourne Victoria 3000 Austrlia holder of Australian Passport No. 6791914 ने एक मुख्तारनामा अपने सगे भाई श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री कर्म सिंह नि० बुद्धनगर पो० भरतिया ग्राम गजरौला तहसील धनौरा, थाना गजरौला व जिला अमरोहा उ०प्र० के नाम पंजीकृत कराने हेतु भेजा गया है। इस पर अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय / कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अमरोहा



## कार्यालय प्रधानाचार्य- स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फतेहपुर, उ0प्र0

पत्रांक सं0- 606/ए0एस0एम0सी0 फतेह/2021 दिनांकः 02.09.2021

**संविदा के आधार पर फैकल्टी के सेवायोजन हेतु पुनर्विज्ञप्तिः**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फतेहपुर, उ0प्र0 में एन0एम0सी0 मानकों की पूर्ति हेतु रिक्त आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य के पदों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने हेतु आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमंत्रित किये जाते है। इन पदों पर वाक-इन इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से एन0एम0सी0 मानको की अद्यतन संस्तुति के अनुसार 7 सितम्बर 2021 से प्रधानाचार्य कार्यालय, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फतेहपुर कक्ष में प्रातः 09.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक प्रत्येक मंगलवार को पदों के भरे जाने तक कालेज स्तर से संस्तुति के आधार पर अन्तिम चयन शासन/महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के स्तर से किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, उनकी सत्यापित छायाप्रतियों की 02 सेट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं 02 फोटो सहित उपस्थित हों। शासन के नवीनतम शासनादेश के अनुसार आरक्षण लागू होगा। पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर एन0एम0सी0 मानकों की पूर्ति हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी इन पदों के लिए पात्र होगें। पदों की अध्यतन स्थिति एवं समस्त विवरण www.dgmeup.in एवं www.asmcfatehpur.com पर उपलब्ध है।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा
महाविद्यालय, फतेहपुर, उ0प्र0



## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिलासपुर (रामपुर)

पत्रांक-कृ०उ०म०स०/2020-21-186 दिनांक-02.09.2021

**दुकान ऑवटन सूचना**

नवीन मण्डी स्थल बिलासपुर, रामपुर में फल-सब्जी की व श्रेणी की 20 दुकानों की नीलामी दिनांक 08.09.2021 को समय दोपहर 12:00 बजे नवीन मण्डी स्थल बिलासपुर में फल-सब्जी के सामने नीलामी चबूतरे पर की जायेगी। नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

| उदयवीर सिंह | अशोक चौधरी |
|---|---|
| सचिव | उपजिलाधिकारी / सभापति |
| कृषि उत्पादन मण्डी समिति | कृषि उत्पादन मण्डी समिति |
| बिलासपुर – रामपुर | बिलासपुर – रामपुर |